आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता का संदेश देते हुए कहा तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था भारत की नई पहचान बना रही है।
- जनजातीय ग्राम परिकल्पना दो हजार तीस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समुदाय को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का अभियान शुरू हुआ।
- टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत एस बी आई ने मरीजो के लिए पोषण सहायता और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।
- उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अंडमान निकोबार के लोगो डिज़ाइनर जगजीवन राम की प्रेरणादायक यात्रा पर किताब का विमोचन किया।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल एक निजी टेलीविजन के कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि आज का भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और रुकने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा,

प्रधानमंत्री ने कहा कि गूगल ने भारत के ए आई सेक्टर में 15 मिलियन डॉलर का निवेश किया है और साथ ही ग्रीन एनर्जी और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में बड़े निवेश हो रहे हैं, जो वैश्विक अवसरों को आकार दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर कहा कि भारत आतंकी हमलों के बाद चुप नहीं बैठता बल्कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों से हमारा देश मुंहतोड़ जवाब देता है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि यह अभियान प्रत्येक आदिवासी गाँव को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि विकास आदिवासी परंपराओं के अनुसार, प्रकृति के साथ सामंजस्य में होना चाहिए। यह सम्मेलन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था और "जनजातीय ग्राम परिकल्पना 2030 – विचारों से कार्यान्वयन तक" पर केंद्रित था।

<><><><><><><><>

दीपावली के अवसर पर विज्ञान एवं तकनीक सचिव पूर्वा गर्ग ने नागरिकों से शांति और सुरक्षा के साथ उत्सव मनाने की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल, स्कूल, पूजा स्थलों, पेट्रोल पंप और सड़कों पर पटाखे न जलाने और केवल रात 8 बजे से 10 बजे के बीच पटाखे जलाने का निर्देश दिया है। वहीं प्रशासन ने दीपावली पर वायु प्रदूषण और शोर नियंत्रण के लिए निगरानी शुरू की। ANPCC ने अबर्डीन बाजार, डॉलीगंज और छोलदारी में तीन मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर तक चलेगा। AQI के माध्यम से वायु गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाएगा और पिछले साल की तुलना में सतर्कता बढ़ाई जाएगी।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। इस कड़ी में प्रस्तुत है द्वीपसमूह के एक व्यवसायी से जी एस टी में संशोधन के बाद अंडमान पर्यटन में मिल रहे फायदों के बारे में

<><><><><><><><>

वर्ष 1991 से 2021 बैच के 30 भारतीय वन सेवा अधिकारियों के समूह ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में वन प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और संघर्ष समाधान प्रशिक्षण के दौरान उपराज्यपाल एडमिरल डीके जोशी से मुलाकात की। राज निवास में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने वन संरक्षण और द्वीप के पर्यावरणीय संरक्षण से सम्बन्धित अनुभव और ज्ञान को उप राज्यपाल के साथ साझा किया।

<><><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के जोशी ने कल राज निवास में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत SBI ने 50 टीबी मरीजों को गोद लिया है और एक डमी चेक स्वास्थ्य सेवा निदेशालय को सौंपा ताकि मरीजों को एक वर्ष तक पोषण सहायता दी जा सके। यह पहल निक्षय मित्र के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डीके जोशी ने एल जी कमेन्डेशन पुरस्कार प्राप्त लेखक श्री जगजीवन राम की पुस्तक पैशन टू प्रूवेस – दि जर्नी ऑफ ए लोगो डिजाइनर फ्रॉम अंडमान एंड निकोबार आइलैंड्स का लोकार्पण किया। पुस्तक में लेखक की रचनात्मक क्षमता और आई डी के साथ–साथ लोगो डिजाइन के क्षेत्र में उनके योगदान को बताया गया है। लेखक जगजीवन राम ने प्रशासन, पुलिस, कमांड और विभिन्न विभागों के लिए कई प्रतिष्ठित लोगो डिजाइन किए हैं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार पुलिस ने कल यातायात शिक्षा एवं सांकेतिक प्रदर्शन केंद्र, आमजनता के लिए खोल दिया। इस केंद्र का शुभारम्भ डीजीपी हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने किया। यह केंद्र सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों एवं नागरिकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस अवसर पर छात्रों को हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान साइकिल रैली निकाली गई और पौधे भी लगाए गए।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूह दीपावली मेला जनता की बढ़ती रुचि को देखते हुए दो दिन और बढ़ा दिया गया है। अब यह मेला 19 अक्टूबर तक चलेगा। शाम 3 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस मेले में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अपने कौशल और व्यवसाय प्रदर्शित करने का अधिक अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

गाराचरमा स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने एन सी एस एल और एन आई ई पी ए, के सहयोग से पिछले दिनों प्राथमिक विद्यालयों के नए और वर्तमान प्रधानाध्यापकों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व और प्रबंधन कौशल को बेहतर बनाना था।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग ने कार निकोबार जिले के तमालू में प्रियदर्शिनी सभागार में जोनल स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमित काले ने किया। छात्रों ने विज्ञान, गणित और शिल्प श्रेणियों में अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने स्वराज द्वीप के राधानगर में 2,000 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से हटाया। प्रशासन ने जनता से अनुरोध किया गया है कि वे अवैध कब्जों की जानकारी जिला कंट्रोल रूम या व्हाट्सएप पर अवश्य साझा करें।

<><><><><><><>